भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4000
दिनांक 04.04.2025 को जवाब दिया

"आंध्र प्रदेश में हस्तशिल्प कारीगरों के लिए पहचान कार्ड"

4000. श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डीः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) योजना की शुरुआत से लेकर अब तक आंध्र प्रदेश राज्य में हस्तशिल्प कारीगरों को जारी किए गए पहचान कार्डों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) पहचान कार्ड धारकों को राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम, व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना आदि के अंतर्गत मिलने वाले लाभों का ब्यौरा क्या है;
(ग) पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उपर्युक्त योजनाओं और मंत्रालय की अन्य योजनाओं से लाभान्वित हस्तशिल्प कारीगरों का वर्ष-वार, जिला-वार और योजना-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) उपरोक्त योजनाओं के लिए वर्ष 2023-24 के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है और अब तक योजना-वार कितना व्यय किया गया है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क): देश में पहचान पहल के तहत पंजीकृत कारीगरों की राज्यवार और आंध्र प्रदेश राज्य में जिलावार कुल संख्या **अनुलग्नक-I** पर है।

(ख): वस्त्र मंत्रालय के अधीन विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय देश भर के हस्तशिल्प क्षेत्र के समग्र विकास और संवर्धन के लिए दो योजनाएं नामशः राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) और व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना (सीएचसीडीएस) कार्यान्वित करता है। इन योजनाओं के तहत, विपणन कार्यक्रमों, कौशल विकास, क्लस्टर विकास, उत्पादक कंपनियों का गठन, कारीगरों को प्रत्यक्ष लाभ, आधारभूत संरचना एवं प्रौद्योगिकी सहायता, अनुसंधान एवं विकास समर्थन आदि के माध्यम से कारीगरों को शुरु से अंत तक सहयोग हेतु आवश्यकता आधारित वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जिससे आंध्र प्रदेश राज्य सहित देश भर के पारंपरिक शिल्प और कारीगर लाभान्वित होते हैं।

(ग): विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय लाभान्वित कारीगरों का जिला वार ब्यौरा नहीं रखता है, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय की योजनाएँ हर राज्य में अलग होती हैं। आंध्र प्रदेश राज्य में पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष अर्थात 2019-20 से 2024-25 तक के दौरान विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय एवं समर्थ, वस्त्र मंत्रालय से लाभान्वित कारीगरों की कुल संख्या निम्नानुसार है।

क्र.सं.	आंध्र प्रदेश राज्य में वर्ष के दौरान लाभान्वित कारीगर	विकास आयुक्त कार्यालाय (हस्तशिल्प) एवं समर्थ, वस्त्र मंत्रालय की योजनाओं से लाभान्वित हस्तशिल्प कारीगर
1.	2019-2020	1,350
2.	2020-2021	3,870
3.	2021-2022	3,824
4.	2022-2023	4,168
5.	2023-2024	4,887
6.	2024-2025	1,295

(घ): उपरोक्त योजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आवंटित बजट और योजना-वार किया गया व्यय निम्नानुसार हैः

क्र.सं	योजना	वितीय वर्ष 2023-24 (करोड़ रुपए में)	
		संशोधित अनुमान	व्यय
1	राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी)	155.49	158.9
2	व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना (सीएचसीडीएस)	15.70	16.61
3	राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी)	190.00	186.36
4	कच्चा माल आपूर्ति योजना	160.00	159.72

अनुलग्नक-I

दिनांक 040.4 2025.को उत्तर दिए जाने वाले राज्य सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 4000 के उत्तर के भाग में (क) विनिर्दिष्ट विवरण

आंध्र प्रदेश राज्य में पहचान पहल के तहत पंजीकृत कारीगरों की जिलावार संख्याः

क्र.सं.	जिला	कारीगरों की संख्या
1.	पश्चिम गोदावरी	26,155
2.	चितूर	6,946
3.	कृष्णा	6,548
4.	नेल्लोर	5,429
5.	पूर्व गोदावरी	5,357
6.	अनंतपुर	3,183
7.	गुंटूर	2,450
8.	प्रकाशम	1,878
9.	कर्नूल	1,762
10.	कडपा	1,656
11.	तिरुपति	815
12.	विशाखापट्टनम	651
13.	श्रीकाकुलम	632
14.	विजयनगरम	544
15.	अन्नम्या	461
16.	पलनाडु	392
17.	एलुरु	344
18.	श्री सत्य साई	250
19.	पार्वतीपुरम मान्यम	188
20.	अनाकापल्ली	186
21.	एनटीआर	159
22.	कोनासीमा	78
23.	काकीनाड़	24
24.	अल्लूरी सीताराम राजू	15
	कुल	**66,103**

****